नागर और विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) पर्यटकों द्वारा किए जाने वाले औसत खर्च पैटर्न के आधार पर गत तीन वर्षों के दौरान कश्मीर घाटी में पर्यटन से होने वाली आकलित आय इस प्रकार रही—

(करोड़ रु. में)

वर्ष	आय	% अन्तर
1988	100.98	—
1989	87.00	−13.8
1990	3.10	−96.4

(ख) जी, हां । घाटी की वर्तमान परिस्थिति ने वहां आने वाले पर्यटकों की संख्या पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है ।

(ग) और (घ) जम्मू और कश्मीर के राज्य के अन्य भागों में पर्यटन से संबंधित आधारिक-संरचना में सुधार ला कर और अधिक पर्यटकों को राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

कूड़े करकट से विद्युत का उत्पादन

96. **श्री राम नरेश यादव** : क्या विद्युत और गैर- पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की :

(क) क्या निगमों के कूड़ा-करकट तथा धान की भूसी से विद्युत तैयार करने की योजना सफल हुई है ; यदि हां, तो क्या सरकार इसका और विस्तार करने का विचार रखती है ; यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार अब तक कितना व्यय कर चुकी है तथा अगले वर्ष के दौरान उस पर कितना व्यय करने का विचार है ; और

(ख) भारत में बिजली की मांग तथा आपूर्ति में कितना अन्तर है तथा सरकार अगले पांच वर्षों में इस कमी को किस प्रकार पूरा करने का विचार रखती है ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) : (क) शहरी अपशिष्टों के निपटान और विद्युत उत्पादन के लिए धान पुआल जैसे अतिरिक्त कृषि अवशिष्टों के इस्तेमाल हेतु अनुसंधान और विकास शाखाओं के साथ कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं । ऐसी परियोजनाओं की तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अभी सिद्ध होनी है तथा उसके बाद ही आगे परियोजनाएं शुरू की जा सकती हैं । अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत विभाग द्वारा ऐसी परियोजनाओं के संबंध में अब तक कुल लगभग 46 करोड़ रुपये व्यय किया गया है जिसमें लगभग 22 करोड़ रुपये की कुल विदेशी उदार ऋण सहायता और कुल लगभग 6 करोड़ रुपये का अनुदान शामिल है ऐसी योजनाओं पर चालू वर्ष के दौरा लगभग 2 करोड़ रुपये के व्यय की परि कल्पना की गई है ।

(ख) अप्रैल से जून, 1991 तक की अवधि के दौरान 68815 मिलियन यूनिट ऊर्जा की अखिल भारतीय आवश्यकता की तुलना में ऊर्जा की उपलब्धता 62772 मिलियन यूनिट थी जिससे 8.8% की कमी आई है ।

विद्युत की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए किए गए उपायों में नई उत्पादन क्षमता को प्रारंभ करने में शीघ्रता करना, लघु परि-पक्वता अवधि की परियोजनाओं का कार्या-न्वयन, वर्तमान विद्युत केन्द्रों के कार्यनिष्पादन में सुधार लाना, संचरण और वितरण से होने वाली हानियों में कमी लाना, मांग प्रबंध और ऊर्जा संरक्षण उपायों को कार्यान्वित करना और बिजली की अधिकता वाले क्षेत्रों से कमी वाले क्षेत्रों को ऊर्जा सप्लाई करना शामिल है ।

उत्तर प्रदेश में एल० पी० जी० (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) बाटलिंग प्लांट

97. **श्री राम नरेश यादव** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में कुल कितने एल.पी.जी. (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) बाटलिंग प्लांट हैं तथा वे कहां-कहां स्थित हैं तथा क्या सरकार आजमगढ़ जिले की

बढ़ती जनसंख्या वृद्धि तथा मांग को ध्यान में रखते हुए वहां एक बाटलिंग प्लांट स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) देश में एल.पी.जी. (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) के कनैक्शनों के लिए लम्बित पड़े आवेदनों की संख्या कितनी है और एल.पी.जी. (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) प्रतीक्षा सूची में दर्ज व्यक्ति को कनैक्शन प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाये जाने की संभावना है ; और

(ग) देश में इस समय एल.पी.जी. का कुल कितना उत्पादन हुआ है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री जी. शंकरानन्द) : (क) से (ग) वर्तमान अनुमानों के अनुसार वर्ष 1991-92 के दौरान देश में 2.1 मि.मी.टन एल पी० जी० के उत्पादन भी आंकलन किया गया है ।

1-4-1991 के अनुसार भारत भर में एल० पी० जी० की प्रतीक्षा सूची करीब 70 लाख है । एल पी जी की सम्भावित उपलब्धता को ध्यान में रख कर तेल उद्योग द्वारा नये एल० पी० जी० कनैक्शनों को चरणों में जारी किया जाता है ।

उत्तर प्रदेश में 11 बाटलिंग संयंत्र हैं तथा स्थानों का उल्लेख नीचे किया गया है :-

1. कानपुर 2. हल्द्वानी 3.मथुरा 4. हरिद्वार 5. इलाहाबाद 6. वाराणसी 7. लखनऊ 8 बरेली 9. कासना 10. उन्नाव 11. गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में नया संयंत्र लगाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Pending Power Projects of Kerala

98. SHRI M. A. BABY: Will the Minister of POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state;

(a) the present position of the various power projects from Kerala State which are under the consideration of the Union Government; and

(b) the per capita availability of electricity in each State and the projected requirement of electricity in each State for the next ten years?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) IN THE MINISTRY OF POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI KALP NATH RAI): (a) The details are given below: —

Name of project	Capacity MW	Present status
1. Maniyar	1x5x2x2.5=10	Revised report for 3x4 MW *is* awaitsd from State authorities.
2. Kuttiyadi Extension .	. 1 x 5 0 = 50	Compliance with provisions of Section 29 of Electricity (Supply) Act, 1948 is awaited.
3. Bhoottaatlrnlrtttu	3x10=30	Replies to comments of CEA/CWC are awaited. Environmental clearance is also awaited.
4. Pallivasal Rehabilitation Scheme	3x20=60	Replies to comments of CWC are awaited from preoject authorities. Environmental clearance is also awaited.
5. Chembukkodavan Small Hydel Scheme St. II	3x3=9	Replies to CEA's comments are awaited from project authorities. Environmental clearance is also awaited.
6. Adirapally *(Uppvr* Power House)	2x75=15	Under appraisal in CEA. Clearance from environmental and forest angles is also awaited.

(b) The requisite information is giveo in Statement I and II,